nandgaon times aug-12-2.qxd 8/12/2025 12:01 AM Page 1

सीबीएसई फार ईस्ट जोन जूडो... पृष्ठ 2 | तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


मंगलवार, 12 अगस्त 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 291, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## पुलिस के लिए जनता के मन में सम्मान और अपराधियों में भय होना चाहिए : उपमुख्यमंत्री

### गृहमंत्री ने पूरी ताकत के साथ आपराधियों के विरूद्ध कठोरता से कार्रवाई के दिए निर्देश



**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा ने आज सरगुजा कोर्डिनेशन सेंटर में सरगुजा रेंज अंतर्गत सभी पुलिस अधीक्षकों की उच्चस्तरीय बैठक ली। बैठक में उन्होंने कानून-व्यवस्था की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की और पुलिस तंत्र को अधिक प्रभावी, संवेदनशील और जवाबदेह बनाने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में श्री शर्मा ने स्पष्ट कहा कि कानून का राज स्थापित करना और अपराधियों के मन में भय पैदा करना पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। गंभीर अपराधों के मामलों में दोष सिद्धि की दर बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने सभी जिलों में मामलों की नियमित और वैज्ञानिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पुलिस अधीक्षक न केवल अपने कार्यालय में आने वाले लोगों से समय पर मिलें, बल्कि अधीनस्थ पुलिसकर्मियों से भी संवाद कर उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझें। उन्होंने पुलिस अधीक्षकों से कहा कि जिले के कॉलेज और स्कूलों का महीने में एक बार भ्रमण अवश्य करें और थानों में अनुशासन के लिए एसपी-एसएसपी और डीएसपी प्रत्येक सप्ताह परेड भी कराए। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह श्री मनोज पिंगुवा, आईजी पीएचक्यू श्री अजय यादव, आईजी सरगुजा श्री दीपक झा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अलावा सरगुजा रेंज के बलरामपुर-रामानुजगंज, जशपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सूरजपुर, और सरगुजा जिले के पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बैठक में मानव तस्करी, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध, अवैध हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे गंभीर अपराधों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई पर जोर दिया गया। एनडीपीएस एक्ट के मामलों में एंड-टू-एंड इन्वेस्टिगेशन सुनिश्चित करने और दोषियों को कठोर सजा दिलाने की बात कही गई। अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने, चिटफंड कंपनियों के मामलों की गंभीरता से जांच करने और निवेशकों को धनवापसी की कार्यवाही तेज करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट की पहचान कर सुधारात्मक कदम उठाने, यातायात प्रबंधन को मजबूत बनाने और ट्रैफिक पुलिस की सक्रियता बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात व्यवस्था में सुधार केवल पुलिस का नहीं बल्कि प्रशासन और समाज का साझा दायित्व है। उन्होंने सभी स्कूलों और कॉलेजों में ड्रग-फ्री कैंपस अभियान चलाने, छात्रों में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने और सामुदायिक पुलिसिंग के जरिए जनता और पुलिस के बीच भरोसे का रिश्ता मजबूत करने की आवश्यकता बताई। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए विशेष प्रशिक्षण, बीट प्रणाली की नियमित समीक्षा और च्समाधान ऐपज् के प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया गया।

## वोट चोरी पर राहुल गांधी, अखिलेश यादव, प्रियंका गांधी का चुनाव आयोग दफ्तर पर प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सोमवार सुबह कांग्रेस के राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा और शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत सहित वरिष्ठ विपक्षी सांसदों को हिरासत में ले लिया। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में संसद परिसर से चुनाव आयोग दफ्तर तक मार्च निकाला। राहुल गांधी ने हिरासत में लिए जाने के बाद कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, च्हकीकत ये है कि वे बात नहीं कर सकते हैं। सच्चाई देश के सामने है। यह लड़ाई राजनीतिक नहीं है। यह लड़ाई संविधान बचाने की है। यह वन मैन, वन वोट की लड़ाई है। इसीलिए हमें साफ-सुथरी वोटर लिस्ट चाहिए।ज्ज् वहीं प्रियंका गांधी ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार डरी हुई है और यह कायर हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। खड़गे ने कहा, च्अगर सरकार हमें चुनाव आयोग तक पहुंचने नहीं देती, तो हमें समझ नहीं आता उसे किस बात का डर है। इस मार्च में सभी सांसद थे, हम शांतिपूर्ण ढंग से मार्च निकाल रहे थे। हम चाहते थे कि चुनाव आयोग सभी सांसदों को बुलाता, हम मीटिंग करते और अपना-अपना पक्ष रखते, लेकिन चुनाव आयोग कह रहा है कि सिर्फ30 मेंबर आएं। ऐसा कैसे संभव है।

## लोक कलाकार गोविंद साव को मिला मानद डॉक्टरेट की उपाधि



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ की महान विभूतियों की कर्मभूमि राजनांदगांव में अनेको व्यक्तित्व ने जन्म लिया हैं। उनकी सांस्कृतिक पद चिन्हों को आगे लेकर जाने वाले प्रसिद्ध बैंजो वादक गोविंद साव ने यह साबित कर दिया कि समर्पण, साधना और संस्कृति के प्रति प्रेम कभी व्यर्थ नहीं जाता। इंटीग्रेटेड ग्लोबल यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली द्वारा उन्हें मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। यह न केवल एक कलाकार का सम्मान है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा, वाद्य कला और सांस्कृतिक धरोहर की वैश्विक पहचान का प्रतीक बन गया है। गौरतलब है कि, गोविंद साव का जीवन केवल एक कलाकार का नहीं, बल्कि एक लंबी संघर्ष, जिसमें 32 वर्षों की तपस्या, अनगिनत मंचों पर प्रस्तुतियाँ और लोक संस्कृति की सेवा के प्रति अटूट निष्ठा शामिल है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत को जिस सजीवता और आत्मा से प्रस्तुत किया, वह प्रदेश के हजारों लोक कलाकारों के लिए मार्गदर्शन बन गया है। गोविंद साव को बैंजो वाद्ययंत्र के पर्याय के रूप में जाना जाता है। उनकी अंगुलियों का जादू ऐसा है कि बैंजो के तारों से लोकधुनों की आत्मा झंकृत होती है। उनकी बैंजो वादन शैली ने छत्तीसगढ़ी गीतों को नई ऊंचाई दी है और देशभर में उनके इस हुनर को सराहा गया है। उन्होंने अपने वाद्य से लोक जीवन की धड़कनों को सजीव कर दिया है। केवल स्वयं की साधना तक सीमित न रहकर गोविंद साव ने खुमान संगीत अकादमी छत्तीसगढ़ के माध्यम से नवोदित कलाकारों को प्रशिक्षण देने का बीड़ा उठाया है। वे युवा पीढ़ी को लोक कला का महत्व सिखा रहे हैं, जिससे छत्तीसगढ़ की संस्कृति नई पीढ़ी तक सशक्त रूप से पहुंचे और अक्षुण्ण बनी रहे। मानद डॉक्टरेट प्राप्त करना निश्चित रूप से गर्व का विषय है, लेकिन गोविंद साव इसे एक जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करते हैं। उनका कहना है कि यह सम्मान छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति को विश्व मंच पर पहुँचाने के संकल्प को और भी मज़बूत करता है। वे आने वाले वर्षों में और अधिक युवाओं को इस लोक संस्कृति के सफर से जोड़ने का कार्य जारी रखेंगे। सभी शुभचिंतकों और वरिष्ठ कलाकारो गुरुजनों ने श्री गोविंद साव को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## युगांतर ने अंडर-19 आयु वर्ग की सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल प्रतिस्पर्धा में पुन: स्वर्ण पदक जीता




**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल की अंडर 19 आयु वर्ग की बालक टीम ने कटक में आयोजित सी बी एस ई क्लस्टर द्धद्ध बास्केटबॉल प्रतिस्पर्धा में पुन: स्वर्ण पदक जीतकर नया इतिहास रचा है। फाइनल मुकाबले में युगांतर की बालक टीम ने मेजबान सेंट जेवियर स्कूल कटक को 36-09 अंकों से एक तरफा परास्त किया और नेशनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया ।टीम रेवाडी हरियाणा में आयोजित सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतिस्पर्धा में भाग लेने जायेगी । इसके पहले हुए सेमी फाइनल मैच में युगांतर की टीम ने मदर्स पब्लिक स्कूल भुवनेश्वर को 44-07 अंकों से परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया।इसके अतिरिक्त युगांतर की टीम ने ब्रम्हविद स्कूल रायपुर एवं टाइम्स गुरूकुल इन्टरनेशनलस्कूल उड़ीसा को परास्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था । युगांतर की ओर से शुभम सिंह,अभिषेक पाठक, रूहान,अनुराग एवं गणेश भंडारे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी टीम को फाइनल मे पहुँचाने में महती भूमिका निभाई । टीम के कोच अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव ,कालवा राधा राव ,सहायक कोच नवनीत द्विवेदी रहे, जिनके मार्गदर्शन में टीम ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उक्ताशय जानकारी देते हुए युगांतर के पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ ,उड़ीसा एवं पश्चिम बंगाल के राज्यों के सी बी एस ई स्कूल के मध्य क्लस्टर द्धद्ध बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित हुई थी, जिसमें युगांतर की टीम विगत कई वर्षों में इन प्रतिस्पर्धाओं में विजेता रही। यही नहीं टीम को सीबीएसई नेशनल की विजेता टीम बनने का गौरव भी प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य और प्रबंध समिति ने टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

## किटी पार्टी के जुएं में पत्नी ने गंवाए लाखों रु.

> **पति ने किया गुस्सा तो प्रताड़ना की शिकायत लेकर पहुंची थाने.**
>
> ---
>
> **मामला - भगतसिंग वार्ड के झोलाछाप डॉक्टर के घर का.**

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** जिंदगी भर की कमाई को पत्नी द्वारा सहेलियों की किटी पार्टी में चले जुएं में लाखों रु हारने का मामला सामने आया है जो डोंगरगढ़ में चर्चा का विषय बना हुआ है. सूत्रों से मिली जानकारी में बताया जाता है कि भगत सिंग वार्ड के एक झोलाछाप डॉक्टर की पत्नी ने अपना सहेलियां की किटी पार्टी के जुएं में लाखों रु हार गई और पैसा चुकाने के लिए पति को बिना बताए करोड़ों की जमीन लाखो में बेच दी. जब इस कांड का पता झोलाछाप डॉक्टर फेंकुचंद को चला तो वे पत्नी से गुस्सा हो नाराज हुए तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटे जैसी कहावत को चरितार्थ करते हुए पत्नी ने अपने ही पति के खिलाफ प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए शिकायत थाने में दी गई ? हालांकि इस बात की पुष्टि हम नहीं करते परंतु नगर में इस कांड को लेकर लोगों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब देखना होगा कि लोगों द्वारा की जा रही चर्चाओ में कितनी सच्चाई है ये तो आने वाला समय ही बतायेगा।

## आदर्श ग्राम पंचायत माथलडबरी मे पूर्ण शराबबंदी

### शराब बिक्री करते पकड़े जाने जाने पर 31,000 रुपए नगद अर्थदंड



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले के अंतर्गत (डोंगरगांव) से लगे ग्राम पंचायत माथलडबरी में नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ अवसर पर ग्राम माथलडबरी में ग्राम प्रबंधन समिति एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। जिसमें ग्राम में सार्वजनिक स्थल पर शराब सेवन करते पकड़े जाने पर 10,000 रूपये की अर्थदंड व शराब बिक्री करते पकड़े जाने पर 31,000 रूपये नगद अर्थ दंड व कानूनी कार्यवाही की जावेगी सभी निर्णय का ग्राम वासियों की उपस्थिति में ली गई। नशा मुक्त अभियान के तहत सामूहिक शपथ ली गई।इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत प्रतिनिधि चुन्नी यदु, ग्राम प्रमुख टुमन साहू,प्रदीप पटेल उप सरपंच, देवप्रकाश,नंदू साहू,राजू देवांगन, भुनेश्वर पटेल, नरेश पटेल, रमन साहू, खेमचंद यदु, प्रदीप धनकर, उमेश पटेल,प्रेमसिन्हा, रमेश यदु, राजेश भोईर,बृजभूषण पटेल, किशुन निषाद, चिंतू पटेल, दिनेश साहू,कामता साहू सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यालय मे तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक आयोजित



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भाजपा कार्यालय राजनांदगांव में तिरंगा यात्रा हर घर तिरंगा,घर घर तिरंगा यात्रा के विषय में कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में माननीय एम डी ठाकुर, जिला भाजपा के अध्यक्ष माननीय कोमल सिंह राजपूत , जिला पंचायत सभापति श्रीमती देवकुमारी साहू, जनपद पंचायत राजनांदगांव के अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर मंडल अध्यक्ष, पश्चिम मनोज साहू, पूर्व अध्यक्ष खिलेश्वर साहू सहित ग्रामीण मंडल के समस्त पदाधिकारी शक्ति केंद्र के प्रभारी संयोजक बूथ अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही जिसमें मुख्य वक्ता श्री ठाकुर जी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए संगठन की जिम्मेदारी निभाना हेतु जैसे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सपना हर घर तिरंगा तिरंगा यात्रा को लेकर जानकारी तथा आगामी 15 अगस्त तक बूथ लेवल के सभी पदाधिकारीयों के निवास स्थान में तिरंगा झंडा लगाना तथा स्वच्छता, सहित अनेक जानकारी प्रदान की।

## दर्द ऐसा की जाने तो आंखें नम हो जाए : एक्सिस बैंक में हुई धोखाधड़ी के बाद : कई आसियानों में लग गया है ग्रहण

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** एक्सिस बैंक में 50 से अधिक ग्राहकों के करोड़ों रुपए हजम करने वाला आरोपी उमेश गोरले अपने पत्नी उषा गोरले के साथ भले ही सलाखों के पीछे पहुंच गया हो। परंतु ग्राहकों के डूबे करोड़ों रुपए बैंक उनको कब लोटाएगी यह किसी को नहीं मालूम।बता दे कि 26 जुलाई को शाखा के प्रबंधक रिंकू सिंह के द्वारा थाने में लिखित शिकायत के माध्यम से ग्राहकों के एक करोड़ से अधिक की राशि बैंक के कर्मचारी के द्वारा ही ठगी कर लेने पर उनके द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। अब तक की मिली जानकारी के अनुसार शुरुआत में तो बैंक छे ग्राहकों के साथ हुई ठगी को मान रहा था। परंतु शहर के कई ग्राहकों ने जब अपने खतरों कि जांच कराई तो अब तक 52 से अधिक शिकायतकर्ता हो गए है । जिनके पांच करोड रुपए के लगभग राशि बैंक के कर्मचारियों के द्वारा ही हजम कर ली गई ।वहीं प्रकरण के 16 दिन बीत जाने के बाद भी बैंक प्रबंधन के द्वारा अब तक किसी भी ग्राहको को यह लिखित रूप में नहीं दिया गया है,कि आपके साथ हुई धोखाधड़ी में हमारे बैंक की गलती है। आपकी राशि जल्द ही बैंक अदा कर देगा । या बैंक के द्वारा अब तक कही भी प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम यह नहीं बताया जा रहा है कि बचे हुए ग्राहकों के पैसे कितने सुरक्षित हैं। जैसे-जैसे समय बीतते जा रहा है ग्राहकों का सब्र का बांध भी टूटनें लगा है। जिन ग्राहकों ने अपने जीवन की पूरी कमाई खो दी है उनके घर में मानों 16 दिनों से मातम छा गया है। ऐसे ही एक पीड़ित से स्थानीय पत्रकारों के द्वारा चर्चा कर सच्चाई जानने का प्रयास किया ।

**जिसमें बैंक के कर्मचारियों के द्वारा किस तरह से मानवता को**

दरकिनार कर आरोपी के द्वारा अपने ही माँ के खाते में डाल पैसे को हजम कर लिया गया। शहर के टिकरापारा निवासी जनपद से रिटायर्ड सचिव के पुत्र नें अपने परिवार के साथ हुई धोखाधड़ी के बारे में खुलासा




करते हुए बताया कि मेरे पापा ने अपने जीवन भर की कमाई के पैसे को बड़े व छोटे बेटों में बांट दिया था। जिसमें मेरे छोटे भाई के नाम से मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कि एक व दो लाख की दो पॉलिसी करवाई गई । जिसमें 3 वर्षों में 9 लाख जमा करना था। पापा वह भाई ने इन पैसों को तय समय में जमा भी कर दिया था। परन्तु बेलगांव के पास 8 नवंबर को एक सड़क हादसे में मेरे छोटे भाई की मृत्यु हो गई। जिसके बाद मैक्स लाइफ इंश्योरेंस की तरफ से हमें 30 लाख रूपये मैच्योरिटी के रूप में मिला था। बड़े भाई ने अपने दर्द को बया करते हुए बताया कि बहु वह दो पुत्र व पुत्री होने के कारण, हमने बीमा से मिली पूरी राशि को जनवरी 2025 को बैंक में ही लंबे समय के लिए इस सोच के साथ पैसो कि एफडी करा दी थी,कि मेरे भाई के छोटे-छोटे बच्चों की भविष्य में किसी भी प्रकार कि आर्थिक तंगी ना आये। जिसका ?19000 रूपए प्रति माह हमें ब्याज भी मिलना शुरू हो गया था। परंतु उमेश गोरले के द्वारा मार्च के अंतिम समय में मेरे पिताजी को बैंक बुलाया गया । तथा इधर-उधर बहाना करके 70 वर्षी मेरे पिताजी से एक ओटीपी मांग लिया गया। और एक ओटी अकाउंट खोल कर एफडी से 85 प्रतिशत के करीब 25 लख रुपए लोन स्वरूप निकाल कल आरोपी के द्वारा अपने मम्मी के खाते में यह राशि जमा कर लिया गया। जिससे मार्च के बाद हमें हर महीना ब्याज 19000रूपए आना बंद हो गया। जब मेरे पिताजी ने इसके बारे में जानकारी ली तो गोरले ने बताया कि आपका ब्याज दो महीने का एक साथ आएगा। परंतु जब दूसरे माह में भी ब्याज नहीं मिला तो मेरे पिताजी ने बैंक से संपर्क किया। जिसके बाद पूरे प्रकरण की जानकारी मिली रोते हुए बताया कि उस समय तो पापा बैंक से निकल कर यह सदमा बर्दाश्त ही नहीं कर पा रहे थे। तुरंत जैसे तैसे उन्होंने मुझे बस स्टैंड बुलाया। और पूरे प्रकरण की जानकारी दी। जिसके बाद लेदेकर मैंने अपने पापा को घर लाया। आज भी हमारे पूरे परिवार में हमारे साथ कितना बड़ा फ्रॉड हुआ। यह पापा और मैं ही जानते हैं। भगवान ऐसा दिन किसी को ना दिखाएं।

nandgaon times aug-12-2.qxd 8/12/2025 12:01 AM Page 2



## कुमरदा मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम कुमरदा मंडल में तिरंगा यात्रा



के विषय में बैठक का आयोजन रखा गया था द्य प्रमुख वक्ता के रूप में चंद्रिका प्रसाद डढसेना बैठक में शामिल हुए साथ ही गोपाल भूआर्य सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव , कंसु यादव अध्यक्ष जिला कोषरिया यादव समाज राजनांदगांव , मण्डल अध्यक्ष हिरदे राम देवांगन, गोविन्द साहू अनिरुद्ध चंद्राकर सुन्दर लाल साहू, गोपाल साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, एवं मण्डल पदाधिकारीगण, स्थानीय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुआ,

## अमलीडीह की सरपंच खेलियाबाई पटेल को 15 अगस्त को दिल्ली में विशेष अतिथि का बुलावा

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले की जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम पंचायत अमलीडीह की सरपंच खेलिया बाई पटेल ने स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर न केवल अपने पंचायत का बल्कि पूरे जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनके इसी उल्लेखनीय योगदान के चलते उन्हें राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2025 को दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।



यह गौरवपूर्ण अवसर अमलीडीह पंचायत ही नहीं, बल्कि पूरे कबीरधाम के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि जिले में इस कार्यक्रम में बुलावा पाने वाली वह एकमात्र सरपंच हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत श्रीमती खेलियाबाई पटेल ने अपने पंचायत में स्वच्छता को जन आंदोलन का स्वरूप देते हुए घर-घर कचरा संग्रहण, सामुदायिक शौचालयों का नियमित उपयोग, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण और अन्य स्वच्छता गतिविधियों में लोगों को सक्रिय रूप से जोड़ा। उन्होंने गांव में कचरा निस्तारण की ठोस व्यवस्था लागू कराई, सफाईकर्मियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के लिए प्रेरित किया और ग्रामीणों में निरंतर जागरूकता अभियान चलाकर साफ-सफाई की आदत को जीवनशैली का हिस्सा बनाया। उनके प्रयासों से गांव की गलियां स्वच्छ, नालियां साफऔर सार्वजनिक स्थान गंदगी से मुक्त हो गए हैं। आज अमलीडीह का नाम स्वच्छता के मामले में आदर्श पंचायतों में लिया जाता है।

## यादव समाज का वार्ड स्तरीय बैठक सम्पन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गौरी नगर सामुदायिक भवन में दोपहर 2 बजे नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव द्वारा भगवान




श्री कृष्ण की शोभायात्रा को 16 अगस्त को भव्य एवं आकर्षक रूप में निकालने का निर्णय लिया गया। समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि बैठक में शोभा यात्रा कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया और पूरी तैयारी के साथ शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति देने का निर्णय लिया गया। बैठक में कोसरिया यादव समाज के सभी सदस्यों को इस बात की जानकारी दी गई कि इस वर्ष भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा झाँकी यादव समाज राजनांदगाँव के बैनर तले निकाली जावेगी। सदस्यों में भारी उत्साह एवं हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। इस बैठक में प्रमुख रूप से निम्न पदाधिकारीगण उपस्थित थे जिसमें जिलाध्यक्ष मन्ना लाल यादव, जिला महिला अध्यक्ष शीला यादव, जिला युवा अध्यक्ष हरिश यादव, नगर अध्यक्ष सूरज यादव, सचिव धरम यादव, महिला मंडल से श्रीमती मंजू यादव, श्रीमती केशर यादव, श्रीमती मीना यादव, श्रीमती निर्मला यादव, बुधिया यादव, सुशिला यादव, गीता यादव, ममता यादव, किर्ती यादव, अश्वनी यादव, राजेश कुमार यादव, मन्नुलाल यादव, राजीव यादव, दुष्यंत यादव, बली राम यादव, दिलीप यादव, भूपेन्द्र यादव, मोहित यादव, प्रफुल्ल यादव, हरिशंकर यादव, मनोज यादव, मानसिंग यादव, नरेश यादव, रमेश यादव, उत्तम यादव, गोपी यादव, महेश यादव, शैलेन्द्र यादव, रेखू यादव, राजेश यादव, बसंत यादव, ईश्वर यादव, मुकेश यादव, डमरू यादव, राधेश्याम यादव, झगरू यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

**शुभांक**

1-2-0

260-8 157-3

**भाग्यांक**

123-6 226-0



### कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ0ग0)

// निविदा सूचना //

कं. 744/निविदा/ लोक-11/2025-26 राजनांदगांव दिनांक 08/08/2025

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि रूपये लाख में | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं. 03 मोतीपुर स्थित सार्वजनिक भवन मरम्मत कार्य। | 1.50 | 29/8/25 |
| 2 | मरम्मत संधारण मद अंतर्गत वार्ड नं. 23 आर.के.सी. स्कूल के पास रोड निर्माण कार्य। | 1.50 | 29/8/25 |
| 3 | मरम्मत संधारण मद अंतर्गत वार्ड नं. 03 मोतीपुर मे सर्व-भवन मरम्मत कार्य। | 1.50 | 29/8/25 |
| 4 | मरम्मत संधारण मद अंतर्गत वार्ड नं. 39 सागर पारा मणिकचंदन केन्द्र के सामने फूटे सेप्टिक पाईप की मरम्मत कार्य। | 1.35 | 29/8/25 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य 'शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा निविदा , विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोककर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn.com & http://www.uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, 'शुद्धिकरण एवं अमेडमेंन्ट पृथक से विज्ञापन जारी नही किया जावेगा। वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा।

**आयुक्त**

**नगर पालिक निगम, राजनांदगांव**



# सीबीएसई फार ईस्ट जोन जूडो चैंपियनशिप का संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में भव्य आगाज




## अंडर-11 के मुकाबलों ने जमाया रंग, दर्शकों ने बजाई तालियां

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को सीबीएसई फार ईस्ट जोन जूडो चैंपियनशिप 2025-26 का औपचारिक शुभारंभ धूमधाम से हुआ। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शहर और प्रदेश के खेल जगत से जुड़े कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

अतिथियों में छत्तीसगढ़ जूडो संघ के सचिव शंभूराम सोनी, छत्तीसगढ़ वुशू एसोसिएशन के महासचिव डी. कोंडय्या, 38 एनसीसी बटालियन के प्रभारी सूबेदार जसवंत सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र ठाकुर, श्रम अधिकारी संजय सिंह, सीबीएसई पर्यवेक्षक करण कुमार मेहता, शाला प्रबंधक मंडल के अध्यक्ष ललित अग्रवाल व सचिव अतुल देशलहरा, डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा, डॉ. टी. कुमार, प्राचार्या रेखा तिवारी और अशोक पारख विशेष रूप से शामिल हुए। मुख्य अतिथि मोहित गर्ग ने कहा कि जूडो केवल खेल ही नहीं बल्कि आत्मरक्षा का एक मजबूत माध्यम भी है। इससे अनुशासन, आत्मविश्वास और सतर्कता का विकास होता है। 5 अगस्त को खिलाड़ियों का पंजीयन हुआ था। 6 अगस्त को अंडर-11 वर्ग के लड़के और लड़कियों के रोमांचक मुकाबले शुरू हुए, जिन्हें छत्तीसगढ़ जूडो संघ के अधिकारियों ने संचालित किया। दर्शकों ने पूरे जोश के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। अंडर-11 वर्ग में स्वर्ण पदक विजेताओं में लड़कों में 25 किग्रा तक चिस्ट्री मंडावी (विद्या ज्योति स्कूल, जगदलपुर), 30 किग्रा तक मानित अग्रवाल (दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल), 35 किग्रा तक अराध्य सिरमौर (दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिलासपुर), 40 किग्रा तक सक्षम साहू (आधारशिला स्कूल, भाटापारा), 40 किग्रा से अधिक कुलदीप सिंह (दिल्ली पब्लिक स्कूल,




बिलासपुर) शामिल है। वहीं लड़कियों में 25 किग्रा तक चित्रांक्षी साहू (आधारशिला स्कूल, भाटापारा), 30 किग्रा तक वेदिका सैनी (दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल), 35 किग्रा तक श्रिष्टी निर्मल (लोयला स्कूल, बिलासपुर), 40 किग्रा तक भावना नेताम (संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल राजनांदगांव) शामिल है। वहीं अंडर-14 वर्ग लड़कियों में 44 किग्रा तक भूमिष्ठा दास (अवर एबीसी अकैडमी, असमद्ध) शामिल है। वहीं अंडर-17 वर्ग लड़कों में 50 किग्रा तक गगन कौशिक (मार बेसिलियोस विद्या भवन, भिलाई) शामिल है। वहीं अंडर-19 वर्ग लड़कों में 50 किग्रा तक दानशी पंगटोक (अवर एबीसी अकैडमी, असम) शामिल है। संस्था के प्रबंधक मंडल के अध्यक्ष ललित अग्रवाल और सचिव अतुल देशलहरा ने सभी खिलाड़ियों और अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्या रेखा तिवारी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ाती हैं।

# मोर तिरंगा-मोर अभियान को सफल बनाने भाजपा की हुई बैठक

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय - प्रदेश व जिला भाजपा के निर्देशानुसार भाजपा शहर मंडल डोंगरगढ में मोर तिरंगा-मोर अभियान अवसर पर मंडल स्तरीय हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन 10 से 14 अगस्त तक किया जाना है। उक्त कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर रविवार को शहर भाजपा मंडल द्वारा एक बैठक आयोजित की गई जिसमे डोगरगढ़ शहर मुख्य वक्ता प्रभारी दिनेश गांधी ,भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती पूर्व विधायक विनोद खांडेकर एवं प्रदेश सहकारिता पर पोस्ट संयोजक शशिकांत द्विवेदी ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंदर सिंग बनोआना , वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील चीकू जैन ,लक्ष्मी नारायण अग्रवाल कुलवंत कक्कड़ प्रदीप बाघ, तुलसी मिश्रा नगर




पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोआना महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ उपस्थित थे । कार्यक्रम में वक्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मोर तिरंगा मोर अभियान तिरंगा अभियान के तहत के हर घर तिरंगा को पहुंचाने एवं लोगों में देशभक्ति की अलख जगाने की अपील की है । इस अवसर पर मंडल महामंत्री विनीत यादव ,विनय बंसल , संयोजक विनय बंसल सह संयोजक हरीश मोटघरे ,सह संयोजक ,सांसद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, नगर पालिका सभापति अमित जैन ,रेखा राजेश राघौते, देवेंद्र साखरे, सुमित ताम्रकार, पार्षद शिवांगी साखरे, बबीता मलागार , शारदा यादव, अनीश निर्मलकर , भाजपा कोषाध्यक्ष भागवत नामदेव, उपाध्यक्ष लक्ष्मी यादव ,अनिल पांडे ,अलका जयेश सहारे ,सरफराज नवाज ,एस पी मिश्रा , सुषमा कोठारी , अनीता इंदुलकर, आकाश राजपूत, गिरीश साहू, लोकेश इंदुलकर, अमरावती शाह सुलभा सिंह , संगीता राजपूत ,संगीता मोहने, मुकुंद कडरा ,ओम कोठारी, डिंपी महापात्र, कुंदन साहू मिथिलेश साहू चितरंजन साहू, कन्हैया अग्रवाल ,ऋषभ लारोंकर , ओम प्रकाश सहारे नवीन ,विजय विजयवाड़ ,आवेश निगम ,शुभम परिहार विक्रांत राजपूत ,बादल मरस्कोले , कैलाश मेश्राम ,गिरीश साहू, रामकुमार डरसेना , हिमांशु सेन , आदित्य मिश्रा ,अजय शर्मा ,उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने नेवारी शिविर में किसानों व ग्रामीणों की समस्याएं मौके पर सुलझाई

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों के द्वार तक त्वरित, पारदर्शी एवं सुलभ राजस्व सेवाएं पहुंचाने की महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इस पहल के अंतर्गत गांव-गांव में विशेष राजस्व समाधान शिविर आयोजित कर विभिन्न सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम नेवारी में आयोजित शिविर ने न केवल ग्रामीणों की वर्षों से लंबित समस्याओं का त्वरित निराकरण किया, बल्कि शासकीय सेवाओं को समयबद्ध एवं भरोसेमंद तरीके से सीधे उनके गांव में सेवाएं प्रदान की गई। कलेक्टर आज राजस्व समाधान शिविर स्थल पर पहुंचकर उपस्थित ग्रामीणों, किसानों और महिलाओं से संवाद कर उनकी आवेदनों को लिया और तत्काल आवेदनों का निराकरण भी किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर इस पहल की विशेषताओं और उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि पूरे प्रदेश में कबीरधाम ऐसा पहला जिला है, जहां एक साथ 24 राजस्व निरीक्षक सर्किलों में विशेष राजस्व समाधान शिविरों की शुरुआत की गई है। ये शिविर 23 जुलाई से प्रारंभ है जो 29 अगस्त 2025 तक चलेंगे।



## छात्राओं के लिए नई उम्मीद और परिजनों के आंखों में बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के सपने लेकर गांव-गांव पहुंची पंडरिया विधायक द्वारा संचालित निःशुल्क बस सेवा

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** पंडरिया विधानसभा अंतर्गत महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा हेतु विधायक द्वारा संचालित 8 निःशुल्क बस सेवा का संचालन 11 अगस्त से प्रारंभ हुआ। इसके पूर्व 10 अगस्त को भावना बोहरा ने सभी बसों की पूजा कर छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस निःशुल्क बस सेवा के माध्यम से विधानसभा की 1000 हजार छात्राओं को लाभ पहुंचाने एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की राह सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। आज बस प्रारम्भ होने के साथ ही कवर्धा,पिपरिया, सहसपुर लोहारा,पंडरिया एवं पांडातराई महाविद्यालय में पढ़ने वाली उन ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को लाभ मिल रहा है जो आवागमन के अभाव में अपने आगे की शिक्षा ग्रहण करने में असमर्थ थी। इसके साथ ही उनके परिजनों को आर्थिक व मानसिक रूप से भी सम्बल मिल रहा है जो अपनी बेटियों की शिक्षा और उनके सुरक्षित आवागमन की सुविधा को लेकर संशय में रहते थे। विदित हो कि पूर्व में भावना बोहरा द्वारा 3 निःशुल्क बसों का संचालन किया जा रहा था।



# वीर सैनिकों को भेजे रक्षासूत्र



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) के देशभक्ति से ओतप्रोत बच्चों ने सरहद की रक्षा करने वाले वीर सैनिकों को अपने हाथों से रक्षासूत्र बनाकर भेजा। इस अवसर पर शाला में राखी बनाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा सातवीं की छात्रा खुशी सोनकर ने राखी बनाने के लिए गुलाब की पंखुड़ी, पत्ती और चावल के रंगीन दानों का प्रयोग किया जो बहुत आकर्षक लग रहा था। कक्षा छठवीं की साक्षी साहू ने रंगीन पेपर को काटकर सुंदर ढंग से चिपकाकर राखी बनाई। प्रायमरी के छोटे बच्चों द्वारा बनाई गई राखी भी सराहनीय थी। राखी बनाने में बालिकाओं के साथ-साथ बालक वर्ग का भी विशेष उत्साह नजर आया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की कला को निखारने के लिए किया गया था। प्री-प्रायमरी के नवनिहाल बालिकाओं ने सहपाठी बालकों के माथे में तिलक लगाकर कलाई में राखी बाँधी और मुँह मीठा करवाया। शाला के प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव एवं उपप्राचार्य श्रीमती तामेश्वरी साहू एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों की कला और रूचि देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भाई-बहन का प्रेम रक्षाबंधन की बधाई दी। गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, सचिव गगन लड्ढा एवं सभी पदाधिकारियों ने राखी बनाओं प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को बधाई दी।

# खुज्जी, जोंधरा , उमरवाही व बड़गांव में अघोषित शराब भट्ठी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खुज्जी, जोंधरा , उमरवाही व बड़गांव में शासकीय शराब भट्ठी की ही तरह महीनो से मिनी शराब भट्ठी बेखौफ संचालित की जा रही है, मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगांव विकासखंड में आश्रित ग्राम राजाखुज्जी में 35 से 40 पेटी , छुरिया विकासखंड के ग्राम जोंधरा में 10 पेटी उमरवाही में 15 से 20 पेटी की खपत प्रतिदिन हो रही है, बावजुद इसके जिम्मेदार विभाग इन पर कोई कार्यवाही नही कर रहा है।

ग्रामीणों को लेते हैं विश्वास में - मिली जानकारी के अनुसार शराब कोचिया जिस ग्राम में शराब की बिक्री करनी है उस ग्राम के ग्रामीणों को विश्वास में लेते हैं, इसके लिए बकायदा ग्राम से कुछ प्रमुख लोगों से बैठक करते हैं जिसमें विक्रेता ग्राम फण्ड में प्रतिमाह 20 से 25 हजार रूपये मासिक देना तय करता है, और ये ग्रामीण अपन ग्राम के क्षेत्र के अन्दर कहीं भी शराब बेचने की अनुमति प्रदान कर देते हैं। बर्बाद हो रहे हैं युवा - जब से शराब की इस तरह खुलेआम बिक्री शुरू हुई है विशेषकर दसवीं - बारहवीं के छात्रों पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ा है, अब इन छात्रों का बर्थडे पार्टी घर में ना होकर जंगलों में शराब का पौव्वा के साथ मनाया जा रहा है ,जब ये शाम को घर पंहुच रहे हैं तो नशे की हालत में पंहुच रहे हैं। आने वाली पीढ़ियों को ग्रामीण कर रहे हैं बर्बाद - चंद पैसों के लालच में ग्रामीण बजाय शराब बिक्री के विरोध करने के बजाय उन्हे ग्राम में प्रश्रय देकर शराब बिकवा रहे हैं, मजेदार बात ये इन सभी ग्रामों में पंचायत के मुखिया अर्थात सरपंच भी खामोश है। आबकारी और थाना भी सेटिंग में - इतनी बड़ी मात्रा में खुलआम शराब बिक्री की जा रही है बावजुद इसके ना तो आबकारी विभाग द्वारा इन पर कोई कार्यवाही की जा रही है और ना ही स्थानीय थाने द्वारा ही कोई कार्यवाही की जा रही है, ये कैसे हो सकता है, चूंकि शराब विक्रेता शराब खुद बनाता तो नही है इन विक्रेताओं को किसी के द्वारा पंहुचाकर शराब उपलब्ध करवाया जा रहा है, क्या आबकारी विभाग को कार्यवाही के लिए सांप सुघ गया है या जाने वालों का मुखबिर से मिलने वाली सुचना ने दम तोड़ दिया है या विक्रेताओं ने ग्रामीणों को मासिक दिये जाने वाले राशि की तरह आबकारी और पुलिस को भी सेटिंग कर लिया है। और नही तो फिर कार्यवाही क्यों नही। चिन्हित जगहों पर बेची जा रही है शराब - जहां खुज्जी में मेनरोड सड़क किनारे बेची जा रही है ,वहीं ग्राम जोंधरा में बने गौठान से समीप बेची जा रही है , जहां जोंधरा मोहगांव , नवागांव , पांगरी , पथर्री के मदिरा प्रेमी खरीदने आ रहे हैं वही उमरवाही में बिजली ऑफिस के पीछे बेची जा रही है। बरबसपुर , उमरवाही , धोबनी , जनकपुर , गोटाटोला , लालूटोला , जवानटोला, और भीमाटोला तक के ग्रामीण खरीदने आ जा रहे हैं। वहीं ग्राम बड़गांव में सागोन नर्सरी में बेची जा रही है। बड़गांव भट्ठी में गोड़लवाही आमाकट्टा चिखलामटिया, राणामटिया साल्हेटोला, मासूलकसा, बावली, और बंजारी तक के मंदिरा प्रेमी पहुच रहे हैं।

## श्रीगुरू मां की 26 वीं जयंती का तीन दिवसीय महोत्सव बड़े धुम-धाम से मनाया जाएगा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के रामाधीन मार्ग में श्री श्यामकुटी में बने श्री दासीश्याम प्रभु के दरबार व श्री खाटु मंदिर में श्री श्यामकुटी परिवार एवं श्री दासश्याम मंडल के श्रद्धालुओं भक्तों द्वारा अपनी प्यारी श्रीगुरू मां की 26 वीं जयंती का तीन दिवसीय महोत्सव बड़े धुम-धाम से मनाया जा रहा है। जयंती महोत्सव 11, 12 व 13 अगस्त 3 दिन का होगा। जयंती प्रथम दिवस पर स्टेशन पारा के शक्तिधाम में सुप्रसिद्ध भजन गायक व श्री हनुमान जी का सुंदर काण्ड का हजारों कार्यक्रम करने वाले पं. निखिल मिश्रा व पं. श्री श्याम शर्मा द्वारा भजन गायन का कार्यक्रम होगा। जयंती महोत्सव में कुछ संतजन एवं श्रीश्याम कुटी परिवार के श्रद्धालु-सेवकगणों के आने सीलसीला शुरू हो गया है। जयंती महोत्सव पर श्यामकुटी, शक्तिधाम एवं श्री अग्रसेन भवन बड़ी धुमधाम रहेगी। कार्तिक की तुलसी ग्यारस को श्रीश्यामकुटी परिवार ने अपने श्री दासीश्यामप्रभु की 25 जयंती होने पर रजत जयंती वर्ष तथा श्री खाटु वाले श्रीश्याम प्रभु की स्थापना के 50 वें वर्ष होने पर रजत एवं स्वर्ण महोत्सव एक साथ मनाया था जिसकी सुमधुर स्मृतियां, यादे अभी भी अपने मन में सजोये हुवे है। जिसकी चर्चा भी इस 26वीं जयंती महोत्सव पर आने वाले भक्तजन मिल बैठकर करेंगे। जयंती की तैयारी में भक्तजन जुट गये है। श्री खाटुश्याम की नगरी खाटु में बने विशाल प्रवेश द्वार की तरह श्री श्यामकुटी परिवार भी एक विशाल श्री श्यामशक्ति द्वार का निर्माण श्यामकुटी के पास करवा रहा है जिसकी प्रक्रिया भक्तजनों ने शुरू कर दी है।

## ज्ञान मंथन

1) घुटने की पुनर्वास के लिए किस संस्थान ने एक पेटेंटेड मैकेनिकल पैसिव मोशन मशीन लॉन्च की है?

2) भारत के पहले संविधान संग्रहालय का उद्घाटन कहाँ किया गया?

3) समाचारों में देखी गई पेरिंगम्मला पंचायत किस राज्य में स्थित है?

4) तंबाकू उद्योग में भारत का स्थान क्या है?

5) महरौली का लौह स्तंभ किस राजवंश के शासनकाल के दौरान बनाया गया था?

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) आईआईटी रोपड़ (2) सोनीपत, हरियाणा (3) केरल (4) दूसरा (5) गुप्त राजवंश

# बोइरडीह में रक्षाबंधन पर राधा कृष्ण मंदिर के सामने शेड निर्माण का भूमि पूजन

### जिला पंचायत सभापति शीला सिन्हा ने किया शुभारंभ

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 02 के अंतर्गत ग्राम बोइरडीह में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर के सामने बनने वाले शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन समारोह बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा ने पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सांकेत वैष्णव, सभापति जनपद पंचायत राजनांदगांव ने की।



इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में श्री परदेशी सोनबोइर (तिलई मंडल अध्यक्ष), श्री सूर्यकान्त भंडारी, श्री महेश यादव (सरपंच ग्राम पंचायत बोइरडीह), श्रीमती रामबाई लहरे (उपसरपंच) सहित पंचगण—गंगादास मंडले, राधेलाल धनकर, लीला साहू, प्रताप साहू, पार्वती यादव और कलेदरी धनकर उपस्थित थे। भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्रामवासियों की भी उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। प्रमुख रूप से धनीराम देवांगन, विक्रम महिलांगे, गुहरी यादव, योगेश यादव, तिरंगी धनकर, बेदराम सेन, कलाराम देवांगन, भोजराम धनकर, श्रीमती रेखा यादव, सूरज यादव, रमन यादव, भीखम यादव और भगीरती यादव उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बताया कि इस शेड के निर्माण से मंदिर परिसर में धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा होगी और यह ग्रामवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थायी सुविधा के रूप में कार्य करेगा।

## निधन



### मोहन मिश्रा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजीव नगर बसंतपुर निवासी मोहन मिश्रा जी का निधन 11 अगस्त को हो गया। वे 70 वर्ष के थे। स्वर्गीय श्री मोहन, कप्तान मिश्रा एवं विनोद मिश्रा के बड़े भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा 12 अगस्त मंगलवार को दोपहर 12 बजे निज निवास राजीवनगर से लखोली मुक्तिधाम के लिये निकाली जायेगी।

# तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा मंडल छुरिया की बैठक आयोजित

### पूर्व विधायक विनोद खांडेकर हुए शामिल

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** जिला भाजपा के निर्देशन में भाजपा मंडल छुरिया द्वारा हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर साहू सामुदायिक भवन छुरिया में भाजपा मंडल छुरिया का बैठक आयोजित किया गया । जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में विनोद खांडेकर पूर्व विधायक डोंगरगढ़ विशेष रूप से उपस्थित हुए । कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम मे स्वागत उद्बोधन मंडल अध्यक्ष कामता साहू ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश भाजपा एवं जिला भाजपा के निर्देशन में हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना है इसके लिए सभी कार्यकर्ता तैयारी में जुट जाये। जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने भी संबोधित करते हुए तिरंगा यात्रा को पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भव्य



रूप से यात्रा निकालकर घर-घर तिरंगा फहराने की कार्यकर्ताओं से अपील की । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित विनोद खाणडेकर ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रथम बार अजादी के पहले भी भारत में तिरंगा झंडा 1906 में कोलकाता के पारसी बंगाल चौक में प्रथम मार फहराया गया, इसके अलावा 1907 ,1917 एवं 1931 में भी झंडा फहराया गया था। उन्होंने कहा कि 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कर मोर झंडा मोर अभियान का शुभारंभ किया इस वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करने के लिए हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को जी जान से जुट कर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने की बात कही । इस अवसर पर जगजीत सिंह भाटिया ,धन्ना यादव ,नैनसिंह पटेल, मोनू गुप्ता ,शिवा मिश्रा मायाराम साहू ,आमिर खान, आनंद वेलेकर, देवानंद सहारे, हेतराम साहू ,शीशुपाल साहू ,सोहन साहू ,श्रीमती उत्तरा निषाद ,पलनीस्वामी नायडू, सुनीता सेवता, रेखाबाई गंधर्व, लक्ष्मी यादव ,भूषण नेताम, अमीर खान ,गुलचरण कतलाम , शांताराम पंचारी, पदूम साहू ,नकूल नेताम,भूखन धनकर, प्रिंस भाटिया,राजकुमार सिन्हा, लेखराम निर्मलकर ,इशवर लाडे,टीकम पाण्डेय, खेदूराम सिन्हा, कुंदन बढोले,टामेश कुंभकार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक अशोक मरकाम एवं आभार उपाध्यक्ष नैनसिंह पटेल ने किया ।

# प्रत्येक विद्यार्थी समय सारणी के अनुसार जीवन जीने की कला सीखें - संतोष गंगेले कर्मयोगी





**छतरपुर (नांदगांव टाइम्स)।** सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छतरपुर शिक्षण संस्था में वार्षिक परीक्षा को लेकर के कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें समय सारणी बनाकर पढ़ने नशा मुक्ति अभियान सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा भारतीय संस्कृति संस्कार नैतिक शिक्षा विषय पर विद्यार्थियों को मोटिवेशन किया गया । उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी समय सारणी के अनुसार जीवन जीने की कला सीखें । विद्यार्थियों को समय के महत्व को समझाते हुए नियम और संयम से जीवन जीने के लिए समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने स्वाधीनता दिवस संग्राम के बारे में एवं तिरंगा यात्रा को लेकर देश में राष्ट्रीय एकता की भावना पैदा करने के लिए विभिन्न प्रकार की नैतिक शिक्षा की कहानी और जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री ज्ञान प्रकाश अग्रवाल जी श्री सलीम बेग जी श्री संदीप समरी जी श्री महेंद्र शुक्ला जी श्रीमती संध्या अग्रवाल श्री विनोद कुमार दीक्षित जी श्री सुरेंद्र उपाध्याय जी एवं राजीव शुक्ला जी सभी शिक्षकों का भी सम्मान किया गया विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में भाग लिया सभी को सम्मानित किया गया और साहित्य सामग्री वितरण की गई ।

# "भारत छोड़ने और नहीं छोड़ने के बीच दुसरा कोई और रास्ता नहीं - डॉ. सुचित्रा गुप्ता

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के इतिहास विभाग द्वारा अगस्त क्रांति मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि 09 जून 1942 को लुई फिशर से महात्मा गांधी ने कहा कि भारत छोड़ने और नहीं छोड़ने के बीच कोई दुसरा रास्ता नहीं है। क्रिप्स प्रस्ताव का असफल और एक-एक कर भारत छोड़ने से भारतीयों में निराशा फैल गयी थी। ऐसी स्थिति में गांधीजी ब्रिटिश साम्राज्यवाद का रक्तहीन अंत कर एक नये युग की आक्रोश रखते थे। विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि 07 अगस्त 1942 का कांग्रेस अधिवेशन बंबई में प्रारंभ हुआ, 08 अगस्त को महात्मा गांधी ने समिति के सामने अंग्रेजों भारत छोड़ों आंदोलन का ऐतिहासिक प्रस्ताव रखा। इस दौरान गांधीजी ने 70 मिनट तक भाषण दिया और ''करो या मरों'' का नारा जनता को दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर सहायक प्राध्यापक ने कहा कि सरकार की अनुमानसिक दमन चक्र में आंदोलन को दबा तो दिया लेकिन छिपे रूप से आंदोलन चलता रहा, जिसका नेतृत्व अरूणा आसिफअली, राममनोहर लोहिया तथा जयप्रकाश नारायण जैसे नेताओं ने किया। आभार प्रदर्शन हेमलता साहू अतिथि व्याख्याता द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. अजय शर्मा अतिथि व्याख्याता सहित एम.ए. के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# डोंगरगांव का हेलमेट संगवारी बना सड़क सुरक्षा का प्रतीक

### अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर विशेष : सड़को पर बचाती है जिंदगी

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 2025 के अवसर पर आज हम एक ऐसे युवा की प्रेरक कहानी साझा कर रहे हैं, जिसने निजी दु:ख को जनसेवा का रूप देकर समाज के सामने एक नई मिसाल पेश की है। डोंगरगांव निवासी धर्मेंद्र साहू, जिन्हें आज लोग च्हेलमेट संगवारीज् के नाम से पहचानते हैं, सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में अपनी अनोखी मुहिम से लोगों को जागरूक कर रहे हैं। धर्मेंद्र के जीवन में बदलाव उस समय आया जब एक सड़क दुर्घटना में उनके पिता की मृत्यु सिर में चोट लगने से हो गई। इस घटना ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया और तभी उन्होंने संकल्प लिया कि वे समाज में हेलमेट के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाएंगे। तभी से उन्होंने बिना किसी संस्थागत सहायता के, स्वयं की कमाई से अब तक 3500 से अधिक हेलमेट नि:शुल्क बांटे हैं साथ ही पिता के दुर्घटना से मिले बीमा की राशि का भी हेलमेट खरीदी कर लोगो में बाँट दिया धर्मेंद्र केवल हेलमेट देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, और सार्वजनिक स्थानों में 50 से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर चुके हैं। उनका लक्ष्य है ङ्क च्व्हर सिर सुरक्षित होज्। धर्मेंद्र की इस मुहिम में उनका पूरा परिवार सहभागी है। एक उल्लेखनीय पहल तब हुआ छोटे भाई जब छोटे भाई की सगाई में वर-वधू ने एक-दूसरे को हेलमेट पहनाकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। यह पहल सोशल मीडिया पर काफी सराही गई। धर्मेंद्र साहू कहते हैं: हेलमेट बाँटना मेरा मकसद नहीं है, लोगों की जान बचाना मेरी प्राथमिकता है। अगर मेरे द्वारा दिया गया एक हेलमेट भी किसी की जान बचा सके, तो यही मेरी सबसे बड़ी सफलता होगी। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर, धर्मेंद्र साहू जैसे युवाओं को सम्मानित करना समय की आवश्यकता है, जो न केवल समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन रहे हैं।



# बख्शी हायर सेकंडरी स्कूल में 162 छात्राओं को साइकिल वितरण

### महापौर ने कहा - बेटियां पढ़ेंगी तो आगे बढ़ेंगी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं आत्मानंद स्कूल में सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9वीं की 162 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई।



इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय महापौर श्री मधुसूदन यादव जी थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति छग शासन के पूर्व उपाध्यक्ष श्री खूबचंद पारख जी ने किया विशेष अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन जिला भाजपा महामंत्री राजेंद्र गोलछा शाला के प्राचार्य श्रीमती सुनीता खरे वार्ड पार्षद श्रीमती अमृता मोहन सिन्हा पार्षद श्रीमती खेमिन राजेश यादव शेखर यादव समाज सेवी राजेश गुप्ता अग्रहरि उपस्थित थे इस अवसर पर महापौर श्री मधुसूदन यादव जी कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी तथा हमारे विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी की मंशा है कि देश की बेटियां पड़ेगी तो आगे बढ़ेगी बेटियों को स्कूल आने में दिक्कत न हो इसलिए सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरण किया जा रहा है और इस शाला में 162छातरौऔ को सायकल प्रदान किया जा रहा है साथ ही एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण भी किया गया जनभागीदारी समिति के मांग पर मंच पर शेड निर्माण एवं काउकेचर निर्माण कार्य की घोषणा किया गया इस जनभागीदारी समिति के सदस्य गण लोमश साहू राजेश यादव चेतन यादव श्रीमती गीता मारिया मोहन सिन्हा नरेश सारथी शैलेन्द्र साहू राजू साहू शिक्षक ओ पी देवांगन डी एल देवांगन टी आर साहू शेख सर कोहली मेडम सहित शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्राओं की उपस्थिति रही।

## धर्म समाचार....

# कब है कृष्ण जन्माष्टमी और सिंह संक्रांति? नोट करें व्रत-त्योहार की सही डेट




भाद्रपद महीने का विशेष महत्व है। यह महीना भगवान कृष्ण और गणेश जी को समर्पित होता है। इस माह के कृष्ण पक्ष में कृष्ण जन्माष्टमी और शुक्ल पक्ष में राधा अष्टमी और गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है।

भाद्रपद महीने की शुरुआत हो चुकी है। यह महीना बेहद खास होता है। इस महीने में कई प्रमुख व्रत-त्योहार मनाए जाते हैं। इनमें कजरी तीज, अजा एकादशी, कृष्ण जन्माष्टमी, राधा अष्टमी, गणेश चतुर्थी, अनंत चतुर्दशी, हरितालिका तीज, मासिक शिवरात्रि, प्रदोष व्रत आदि प्रमुख हैं। इसके अलावा, परिवर्तिनी एकादशी, त्रयोदशी व्रत, कालाष्टमी समेत कई प्रमुख व्रत-त्योहार मनाए जाते हैं। आइए, इस सप्ताह में पड़ने वाले सभी व्रत और त्योहारों के बारे में जानते हैं-

**व्रत-त्योहार सूची** यह पर्व हर साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर भगवान गणेश की पूजा की जाती है। साथ ही चतुर्थी तिथि का व्रत रखा जाता है। 12 अगस्त को कजरी तीज का पर्व भी मनाया जाएगा। यह पर्व हर साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा की जाती है। इस दिन विवाहित महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए व्रत रखती हैं। 14 अगस्त को बलराम जयंती है। यह पर्व भाद्रपद महीने में मनाया जाता है। इस दिन दाऊ भैया यानी बलराम जी का प्राकट्य दिवस मनाया जाता है। 15 अगस्त को जन्माष्टमी है। यह पर्व हर साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर जगत के पालनहार भगवान कृष्ण की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही अष्टमी का व्रत रखा जाता है। 16 अगस्त को दही हांडी है। यह पर्व हर साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। वैष्णव जन 16 अगस्त को भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाते हैं। यह पर्व महाराष्ट्र और गुजरात समेत देश के कई राज्यों में मनाया जाता है। 17 अगस्त को सिंह संक्रांति है। इस दिन सूर्य देव कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में गोचर करेंगे। संक्रांति तिथि पर गंगा स्नान किया जाता है। साथ ही सूर्य देव की पूजा की जाती है। इसके बाद दान-पुण्य किया जाता है।

## कजली तीज पर पूजा के समय करें मां पार्वती के नामों का जप, पूरी होगी मनचाही मुराद

ज्योतिषियों की मानें तो भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि पर सुकर्मा योग समेत कई मंगलकारी संयोग बन रहे हैं। इन योग में देवों के देव महादेव और मां पार्वती की पूजा करने से साधक पर महादेव की कृपा बरसेगी। साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी। मंगलवार 12 अगस्त को कजरी तीज का पर्व देशभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। यह पर्व हर साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि के दिन मनाया जाता है। इस शुभ तिथि पर देवों के देव महादेव और मां पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही शिव-शक्ति के निमित्त व्रत रखा जाता है। धार्मिक मत है कि कजरी तीज के दिन व्रत रख भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही जीवन में सुखों का आगमन होता है। विवाहित महिलाएं और अविवाहित लड़कियां कजरी तीज का व्रत करती हैं।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बेडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल, टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# औद्योगिक क्षेत्र में युवाओं को मिल रहे रोजगार के नये अवसर : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

## विधानसभा अध्यक्ष ने ग्राम टेड़ेसरा में 12 करोड़ 86 लाख 94 हजार रूपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन










**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 12 करोड़ 86 लाख 94 हजार रूपए की लागत से 11 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 11 करोड़ 48 लाख 2 हजार रूपए की लागत से 5 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 1 करोड़ 38 लाख 92 हजार रूपए की लागत से 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्य शामिल है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज ग्राम टेड़ेसरा में 1 करोड़ 86 लाख 7 हजार रूपए की लागत से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया। इस दौरान उन्होंने आरोहण बीपीओ सेंटर के युवाओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के नवनिर्मित भवन के लिए सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज शासकीय आईटीआई भवन का लोकार्पण किया गया है। इसके साथ ही लगभग 12 करोड़ 86 लाख 94 हजार रूपए की लागत से 11 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है। ग्राम टेड़ेसरा में शासकीय आईटीआई भवन निर्माण होने से विद्यार्थियों में उत्साह है। साथ ही अन्य कार्यों का भी लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्राम टेड़ेसरा में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था 2011 में प्रारंभ हुआ और यहां कोपा, फिटर एवं इलेक्ट्रिशियन जैसे ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। संस्था के पास 7 एकड़ की अतिरिक्त भूमि है। उन्होंने कहा कि तीन ट्रेड के साथ ही अन्य ट्रेड भी यहां प्रारंभ होंगे। जिसके लिए इस भवन में पर्याप्त सुविधाएं है। औद्योगिक क्षेत्र में यहां के युवाओं को रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो रहे है। ग्राम टेड़ेसरा में आरोहण बीपीओ सेंटर एक शानदार केन्द्र है। जिससे यहां के युवाओं को रोजगार के बेहतरीन अवसर मिल रहे है। यहां कार्य करते हुए युवा आत्मनिर्भर बन रहे है। उन्होंने बच्चों से कहा कि यहां कोर्स करने के बाद वे लघु उद्यम प्रारंभ कर सकते है। शासन द्वारा इसके लिए हरसंभव मदद दी जा रही है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज जिले में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जा रहा है। जिससे जिले में विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोकार्पण कार्य अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के योजना मद से ग्राम ईरा में 1 करोड़ 66 लाख रूपए 78 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड ईरा से गौठान पहुंच मार्ग 1.150 किलोमीटर एवं ग्राम सोमनी में 7 करोड़ 81 लाख 27 हजार रूपए की लागत से सोमनी से नवागांव मार्ग 6.05 किलोमीटर तथा सीएसए (एलडब्ल्यूई) से ग्राम टेड़ेसरा में 1 करोड़ 86 लाख 7 हजार रूपए की लागत से आईटीआई परिसर टेड़ेसरा में भवन निर्माण का लोकार्पण किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत अधोसंरचना उपकर निधि से ग्राम ईरा में 5 लाख 2 हजार रूपए की लागत से बिसला निषाद से गुढ़ी चौक तक सीसी रोड निर्माण कार्य एवं पीएमश्री योजना से ग्राम कोपेडीह में 8 लाख 7 हजार रूपए की लागत से बाल वाटिका में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया गया है।




**11 करोड़ 48 लाख 2 हजार रूपए की लागत से 5 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 1 करोड़ 38 लाख 92 हजार की लागत से 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्य शामिल**

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि जिले में आज ग्राम टेड़ेसरा में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के नवनर्मित भवन का लोकार्पण किया गया है। यहां तीन ट्रेड कोपा, इलेक्ट्रीशियन, फीटर संचालित है। यहां प्रतिवर्ष लगभग 128 बच्चे प्रवेश लेते है। संस्थान का आरोहण बीपीओ सेंटर से एएमयू भी किया गया है। यहां के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अच्छे अवसर मिल रहे है। उन्होंने कहा कि आरोहण बीपीओ सेंटर में रोजगार मिलने के साथ ही अन्य संस्थानों में रोजगार मिल रहा है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के विस्तार के लिए यहां पर्याप्त संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए अधोसंरचना विकसित की जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मार्गदर्शन में यहां और भी ट्रेड प्रारंभ कर सकेंगे तथा युवाओं को अधिक से अधिक सुविधाएं मिलेगी। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के लिए 7 एकड़ भूमि है। जिसका विस्तार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सजग रहते हुए, सभी के हित एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि भूमिपूजन कार्य अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के जमा मद (रूसा) से ग्राम सोमनी में 57 लाख 88 हजार रूपए की लागत से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मिडियम महाविद्यालय सोमनी में लाईब्रेरी हॉल एवं बालक व बालिका हेतु कम्प्यूटर लैब का निर्माण तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मुख्यमंत्री समग्र योजना अंतर्गत ग्राम खुटेरी में 31 लाख 61 हजार रूपए की लागत से मिनी स्टेडियम एवं जिला खनिज न्यास संस्थान से ग्राम टेड़ेसरा में 10 लाख रूपए की लागत से टेड़ेसरा स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, 5 लाख 2 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य, 15 लाख 5 हजार रूपए की लागत से प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट मेंशेड निर्माण कार्य, 18 लाख 73 हजार रूपए की लागत से नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री सचिन बघेल, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल श्री योगेशदत्त मिश्रा, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, समाजसेवी श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री संतोष अग्रवाल, श्री सौरभ कोठारी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, सरपंच श्री खिलेश्वर साहू, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं आईटीआई के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय पुजारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने देव कुमार निर्वाणी



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महंत देवनाथ जी शास्त्री. पिपरिया महंत श्यामसुंदर दास जी महावीर मंदिर के महंत साकेत बिहारी जी ने सर्वसम्मति से देव कुमार निर्वाणी को अखिल भारतीय पुजारी संघ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया श्री निर्वाणी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते ही राजनंदगांव मंदिरों के पुजारी में उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया पुजारी संघ के राष्ट्रीय कार्यालय बाला बाबा मंदिर सोनार पारा में पटाखा फोड़ कर मिठाई बटकर एक दूसरे को बधाई दी गई श्री निर्वाणी को बधाई देने वालों में डोंगरगढ़ बजरंगबली मंदिर के महाराज चंदन दास जी हनुमान मंदिर राजनांदगांव के महाराज डोमन दास जी किला मंदिर के पुरोहित दिलीप दास जी पांडाडह बड़े जमात मंदिर पुजारी रिंकू दास जी मध्य प्रदेश बालाघाट लांजी राम मंदिर के पुजारी लक्ष्मी नारायण दास जी कृष्ण मंदिर के पुजारी मनीष दास जी महावीर मंदिर के पुजारी हालदार दास ने तथा सामाजिक बंधु एलडी निर्मोही राकेश दास वैष्णव संजय वैष्णव अनूप दास वैष्णव शिव वैष्णव कृष्ण कुमार वैष्णव जितेंद्र वैष्णव सतीश वैष्णव मनोज निर्वाणी बाबा वैष्णो ज्ञानी वैष्णव रोहित वैष्णव धर्म वैष्णव अमर वैष्णो संजीत वैष्णव राजकुमार वैष्णव सोनेट निर्वाणी राम वैष्णव विष्णु वैष्णव विभिन्न सामाजिक तथा पुजारी ने श्री निर्वाणी को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की।

## भोजराज डी.डी. वर्मा का प्रयास विद्यालय में चयन मेहनत और लगन का मिला फल



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अनुशासन और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है, यह साबित किया है ग्राम बेलरगोंदी के होनहार छात्र भोजराज डी.डी. वर्मा ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर जिला में तीसरा स्थान प्राप्त कर प्रतिष्ठित विद्यालय प्रयास आवासीय विद्यालय रायपुर में प्रवेश पाकर क्षेत्र एवं अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। साथ ही NMMS-25 (national means cum merit scholarship) जिला में नौवां स्थान प्राप्त किया, यह उपलब्धि उनके परिवार के लिए गर्व की बात है। भोजराज डी.डी. वर्मा अपनी शिक्षा पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम (सेजेस) डोंगरगढ़ से पूरी की और पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस वर्ष आयोजित चयन परीक्षा में सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया, लेकिन भोजराज डी.डी. वर्मा ने अपनी मेहनत और लगन से जिला में तीसरा स्थान हासिल किया। सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए भोजराज डी.डी. वर्मा ने कहा, मेरे माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन के बिना यह संभव नहीं था। उनके पिता देवदत्त वर्मा ने कहा कि यह पल उनके जीवन के सबसे यादगार क्षणों में से एक है। प्रयास विद्यालय में प्रवेश पाना किसी भी छात्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक, प्रधानपाठक एवं अन्य शिक्षकों ने भोजराज डी.डी. वर्मा को बधाई दी और कहा कि यह सफलता अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा बनेगी।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ग्राम टेड़ेसरा में तिरंगा बाईक रैली को किया रवाना



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर उल्लास और खुशी के साथ आजादी के उत्सव को मनाने के लिए आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा में तिरंगा बाईक रैली को रवाना किया। देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति जनचेतना को सशक्त बनाने के लिए भारत माता की जयकारे के साथ बाइक रैली निकली गई। वंदेमातरम, माँ तुझे सलाम गीतों के साथ देश की स्वतंत्रता के जज्बे को लिए बाइक रैली ने स्वतंत्रता के प्रति संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री सचिन बघेल, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल श्री योगेशदत्त मिश्रा, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, समाजसेवी श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री संतोष अग्रवाल, श्री सौरभ कोठारी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, सरपंच श्री खिलेश्वर साहू, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

## महापौर एवं कलेक्टर ने लिया अटल परिसर का जायजा, शेष काम जल्द पूर्ण करने दिए निर्देश

### शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में वृक्षारोपण एवं गौरव पथ के पास स्वागत द्वार निर्माण के लिए महापौर ने किया स्थल निरीक्षण



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न माननीय अटल बिहारी बाजपेयी जी की स्मृति में शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। राजनांदगांव में निर्माणाधीन अटल परिसर का आज महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे ने जायजा लेकर निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किए। वही महापौर श्री यादव ने वूमेन-फॉर-ट्री के थीम पर शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण के लिए स्थल का तथा पूर्व मंत्री माननीय लीलाराम भोजवानी जी की स्मृति में गौरव पथ के पास स्वागत द्वार निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया। अटल परिसर निरीक्षण के दौरान महापौर श्री यादव एवं कलेक्टर डॉ. भूरे ने निर्माण की प्रगति की जानकारी लिए। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि, अटल परिसर में बाउण्ड्रीवाल, प्रवेश द्वार, फ्लोर एवं पेडेस्टल का निर्माण पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य अंतिम चरण में है। महौपार श्री यादव ने कहा कि, शासन की महत्वपूर्ण योजना अटल परिसर के तहत पूरे प्रदेश में अटल जी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है, शासन के मंशानुरूप परिसर का निर्माण किया जाए, अतिशीघ्र अटल परिसर का लोकार्पण विधानसभा अध्यक्ष एवं मंत्रियों के द्वारा लोकार्पण किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. भूरे ने कहा कि, रेलिंग, पत्थर लगाने, तथा लाईटिंग का कार्य जल्द पूर्ण किया जाए। निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे शासन मापदण्ड के अनुरूप अटल परिसर का निर्माण हो सकें। निरीक्षण की कड़ी में महापौर श्री यादव ने शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में वूमेन-फॉर-ट्री के तहत वृक्षारोपण के लिए स्थल का जायजा लेकर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होने पूर्व मंत्री स्व. श्री लीलाराम भोजवानी जी की स्मृति में चैखडिया पारा गौरव पथ के पास स्वागत द्वार निर्माण हेतु स्थल का जायजा लेकर गेट निर्माण करने प्रक्रिया करने कहा। उन्होने कहा कि, 16 अगस्त को भोजवानी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर गेट निर्माण के लिए भूमि पूजन किया जाना है। निरीक्षण के दौरान राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य श्री राजा माखिजा, पार्षद श्रीमती रेखा अभय पारख, श्री रवि सिन्हा व श्री सतीश साहू, पूर्व पार्षद श्री गुरूमुख सिंह वाधवा सहित कार्यपालन अभियंता श्री संजय वर्मा, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, प्र. सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उपअभियंता श्री अशोक देवांगन तथा निगम का अमला उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com